Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:00 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 59 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. सोमवार, 19 अगस्त 2024



आमिर, सलमान को पीछे छोड़ ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### खटीमा पहुंचे सीएम धामी, बहनों ने बांधी राखी



**खटीमा।** रक्षाबंधन पर सीएम धामी अपने आवास पर खटीमा पहुंचे। उन्होंने शुभ मुहूर्त में बहनों से राखी बंधवाई। उन्होंने कहा कि भाई-बहन के असीम स्नेह व प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर अपना आशीष प्रदान किया। इस रिश्ते की गहराई और मिठास को शब्दों में नहीं बांध सकते।

### शिक्षा विभाग में अटेचमेंट खत्म करें, महानिदेशक को भेजा पत्र

**हल्द्वानी।** शिक्षा विभाग में अटेचमेंट व्यवस्था खत्म करने को लेकर महानिदेशक विद्यालय शिक्षा को शिकायती पत्र भेजा गया है। डाक से भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उत्तराखंड के विद्यालयों के कर्मचारियों को अपने मूल विद्यालय से दूसरी जगह अटैच किया गया है जबकि न तो नियम है और न ही शासनादेश। यह मामला सीएम हेल्पलाइन में भी उठाया गया है। शिकायती पत्र समाजसेवी हेमंत गोनिया, अमित राणा, दिनेश सिंह, संतोष बलयूटिया, अमित रस्तोगी, हरीश चंद्र, खष्टी बिष्ट, प्रेमा राणा, रूपा अधिकारी, कविता बिष्ट, गीता पांडे, मयंक शर्मा, सुनीता त्रिपाठी की ओर से भेजा गया है। इस मामले में समाजसेवी हेमंत गोनिया ने फरवरी माह में आरटीआई लगाई थी, इस पर अटेचमेंट खत्म कर ऐसे कर्मचारियों को मूल विद्यालय में वापस भेज दिया गया था लेकिन फिर से अटेचमेंट व्यवस्था लागू की जा रही है, जो नियमों का उल्लंघन है। शिकायती पत्र में अटैचमेंट वाले कर्मचारियों की सूची भी भेजी गई है।

## प्रदेश के छह जिलों अगले दो तीन दिन येलो अलर्ट, 94 मार्ग बंद

**देहरादून** हमारे संवाददाता

अगले दो तीन दिन मौसम खराब ही रहेगा। मौसम विभाग ने संवेदनशील इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है।

उत्तराखंड में दिन की शुरुआत धूप के साथ हुई। वहीं, देर शाम मौसम बदला और राजधानी देहरादून व पहाड़ों की रानी मसूरी में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई इससे सुबह शाम के मौसम में हल्की ठंड भी लौट आई है। उधर, प्रदेश के पर्वतीय जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश होने की संभावना है।





विकासनगर-कालसी-बड़कोट राष्ट्रीय राजमार्ग लखवाड़ बैंड के पास मलबा आने से बंद हो गया है। बारिश के बाद अन्य मार्गों में भी जगह-जगह मलबा आ गया है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग समेत राज्य में 94 मार्ग बंद हैं।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताब्क, बंद मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, रुद्रप्रयाग में 14, उत्तरकाशी में दो, नैनीताल में दो, बागेश्वर में पांच, देहरादून में एक राज्य व एक जिला समेत 15 ग्रामीण मार्गों में मलबा आ गया है, जबकि पिथौरागढ़ में एक बॉर्डर व 15 ग्रामीण मार्ग, ऊधमसिंह नगर में एक राज्य व एक ग्रामीण मार्ग, चमोली में 20, पौड़ी में पांच और टिहरी जिले में 11 ग्रामीण मार्ग मलबा आने से बंद हैं।

### देशवासियों को भी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी

## पीएम मोदी ने मनाया रक्षाबंधन राखियों से भरी पीएम की कलाई

**नई दिल्ली** एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूल के बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। उन्होंने बच्चों से राखी भी बंधवाई और उनसे बात भी की। इस दौरान वे बहुत खुश नजर आए। राखी से पीएम मोदी की कलाई भर गई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए देशवासियों को भी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

एक बच्ची ने पीएम मोदी को बहुत ही खास राखी बांधी। इस राखी में एक विशेष संदेश के साथ एक तस्वीर भी थी। दरअसल, इस राखी में पीएम मोदी की दिवंगत मां की तस्वीर थी और उसमें एक पेड़ मां के नाम संदेश लिखा हुआ था।

बता दें कि पीएम मोदी ने हाल ही में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है, जिसमें उन्होंने हर व्यक्ति को एक पौधा लगाकर मां और धरती माता के प्रति सम्मान प्रकट करने की अपील की थी।



आज भाई बहन के प्रेम के प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन पूरे देश में मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में रक्षाबंधन के त्योहार का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है। इस साल रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा। ऐसी मान्यता है जब भी भद्रा होती है तो इस दौरान राखी बांधना शुभ नहीं होता है। राखी हमेशा भद्राकाल के बीत जाने के बाद ही बांधी जाती है। शास्त्रों के अनुसार राखी का त्योहार हमेशा भद्राकाल रहित में किया जाना चाहिए। ऐसी मान्यता है भद्रा काल होने पर राखी बांधना अशुभ होता है। आज सुबह से ही भद्रा लग चुकी है। भद्राकाल आज दोपहर 01 बजकर 30 मिनट पर खत्म हो जाएगी, फिर उसके बाद से राखी बांधी जा सकती है। आज रक्षाबंधन पर कई तरह के शुभ संयोग बने हुए हैं। इन संयोगों में सर्वार्थसिद्ध और रवि योग खास है। इसके सूर्यदेव अपनी स्वराशि में हैं, शनिदेव शश राजयोग बना रहे हैं।

## सारकोट का जवान लेह में देश पर हुआ बलिदान पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

**कर्णप्रयाग/देहरादून** हमारे संवाददाता

सारकोट के पूर्व प्रधान राजे सिंह ने बताया बसुदेव करीब 13 साल पूर्व सेना में भर्ती हुए थे। वह वर्तमान में लेह में सेवारत थे।

उत्तराखंड के गैरसैंण में सारकोट गांव निवासी और सेना के बंगाल इंजीनियर में हवलदार बसुदेव सिंह पुत्र फतेसिंह ने सीमा पर बलिदान दे दिया। बलिदानी सैनिक का पार्थिव शरीर आज सुबह गांव पहुंचा तो पूरा शहर शोक में डूब गया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने बसुदेव जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाए। सारकोट के पूर्व प्रधान राजे सिंह ने बताया बसुदेव करीब 13 साल पूर्व सेना में भर्ती हुए थे। वह वर्तमान में लेह में सेवारत थे।

बताया कि अचानक 16 अगस्त को बसुदेव के पिता पूर्व सैनिक हवलदार फते सिंह को शाम 6 बजे यूनिट से हवलदार बसुदेव की निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना से मौत होने की खबर मिली थी। खबर के बाद उनकी पत्नी नेहा देवी, माता माहेश्वरी देवी का रो रो कर बुरा हाल है। करीब 31 साल के बसुदेव के दो पुत्र 6 तथा 2 साल के हैं। उनकी माता माहेश्वरी गत दो सालों से बीमारी के कारण बिस्तर पर लेटी जीवन झेल रही है।



## अमरोहा में जल ले जा रहे कांवड़ियों का रास्ता रोका, जमकर हंगामा

**रुद्रपुर** हमारे संवाददाता

अमरोहा के हसनपुर में कांवड़ियों का रास्ता रोकने से हंगामा मच गया। कांवड़ियों ने जाम लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करवा तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है।

सावन के अंतिम सोमवार पर जल लेकर जा रहे शिव भक्तों का रास्ता रोकने को लेकर हंगामा हो गया। शिवभक्तों ने हसनपुर अतरासी मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिव भक्तों को समझाकर मामला शांत कराया। मामले में रास्ता रोकने की कोशिश के आरोप में तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र के गांव चकौरी निवासी राजकुमार चौहान, अमरपाल चौहान, सचिन चौहान, अनुज चौहान, अंकित चौहान, मोहित चौहान समेत 30 से 40 शिव भक्तों का जत्था सोमवार को सुबह करीब 7:00 बजे हरिद्वार से जल लेकर डाक कांवड़ के साथ अपने गांव जा रहा था। गांव बामनखेड़ी में चार युवकों ने शिव भक्तों को रोकने की कोशिश की। कहा कि इस रास्ते से ना जाएं। इसी को लेकर से भक्तों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने हसनपुर अतरासी मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ दीप कुमार पंत ने लोगों को समझाकर शांत कराया। करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि मामूली बात पर शिव भक्तों से कुछ लोगों की कहानी हो गई थी। तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पिथौरागढ़ के दो युवकों को 16.32 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा, एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने पिथौरागढ़ जिले के दो युवकों को 16.32 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ अल्मोड़ा कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है। अल्मोड़ा के कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा और एसओजी प्रभारी कुंदन रौतेला टीम के साथ चेकिंग अभियान पर थे। दोनों की चेकिंग की गई तो महिपाल सिंह निवासी ग्राम नैनोली, गंगोलीहाट पिथौरागढ़ के पास से 8 ग्राम और रोहित कुमार निवासी ग्राम पिल्खी गंगोलीहाट, पिथौरागढ़ के पास से 8.32 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अल्मोड़ा कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल देऊपा ने बताया कि दोनों युवकों हल्द्वानी से स्मैक खरीदकर ला रहे थे।

## दूसरे की जगह परीक्षा देने आए युवक को एसटीएफ ने गेट के बाहर से किया गिरफ्तार

**देहरादून** हमारे संवाददाता

पुलिस को जानकारी मिली थी कि प्रदेश में 18 अगस्त को होने वाली उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग की सहायक टीचर की परीक्षा में आरोपी एक परीक्षार्थी की जगह अपने साथी को बैठाकर परीक्षा दिलाएगा। इसके लिए 16 लाख रुपये में सौदा हुआ था।

एसटीएफ ने राज्य स्तरीय यूकेएसएसएससी की सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा में नकल करने की कोशिश करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने गिरोह के मास्टरमाइंड व उसके साथी को फर्जी प्रवेश पत्र के साथ हरिद्वार से गिरफ्तार किया। एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि जानकारी मिली थी कि प्रदेश में 18 अगस्त को होने वाली उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग की सहायक अध्यापक की परीक्षा में आरोपी एक परीक्षार्थी की जगह अपने साथी को बैठाकर परीक्षा दिलाएगा। इसके लिए 16 लाख रुपये का सौदा हुआ था। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने हरिद्वार में डेरा डाल लिया। रविवार को एसटीएफ ने हरिद्वार के मायापुर स्थित परीक्षा केंद्र एसवीएम इंटर कॉलेज के बाहर से गिरोह के मास्टरमाइंड उधम सिंह निवासी व उसके साथी अनुपम निवासी बिहार को परीक्षा से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि आरोपी अनुपम किसी कुलदीप नाम के छात्र की जगह परीक्षा देने आया था। गिरोह का मास्टरमाइंड भर्ती परीक्षा में नकल के आरोप में पहले भी जेल जा चुका है।



# कोलकाता में दरिंदगी के विरोध में उतरे कई संगठन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कोलकाता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुराचार समेत उत्तराखंड तथा अन्य राज्यों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर नैनीताल के वाशिंदों में खासा रोष बना हुआ है।

रविवार को भी लगातार दूसरे दिन नगर के विभिन्न संगठनों ने विभिन्न माध्यमों से विरोध दर्ज किया। इसी क्रम में जहां अखिल भारतीय महिला परिषद की ओर से शहर भर में हस्ताक्षर अभियान की मुहिम छेड़ी गयी वहीं कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के छात्रों व अन्य संगठनों ने संयुक्त रुप से आक्रोश रैली निकाल नारेबाजी कर आरोपितों को फ ांसी की सजा देने की मांग की। अखिल भारतीय महिला परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी के नेतृत्व में परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार तथा हत्या के विरोध व आरोपितों को सख्त सजा दिये जाने की मांग को लेकर रविवार को मल्लीताल स्थित बड़ा बाजार, माल रोड, तिब्बती बाजार तथा तल्लीताल क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें शहर के हजारों लोगों ने हस्ताक्षर कर आरोपितों को फ ांसी की सजा दिये जाने की मांग की। संस्था की ओर से हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। अभियान में सावित्री सनवाल, दया बिष्ट, मीनू बुधलाकोटी, नंदिनी पंत, चंचला बिष्ट, गजाला कमाल तथा प्रीति शर्मा आदि ने भाग लिया। परिषद के मुताबिक यह अभियान एक सप्ताह तक निरंतर चलता रहेगा। दूसरी ओर शाम को कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था लेक सिटी वेलफेयर क्लब सदस्यों की ओर से मल्लीताल से तल्लीताल तक आक्रोश रैली निकाली गई,रैली में शहर के तमाम लोग जुड़ते चले गए। लोगों ने हाथों में बैनर पोस्टर लिए आरोपितों को फांसी देने को लेकर जमकर नारेबाजी की। युवा संगठन नैनीताल के नेतृत्व में कोलकाता में महिला के साथ हुई दु:खद घटना के विरोध में नगर में रैली निकाली गई। रैली में सेंट मैरी कॉन्वेंट कॉलेज, सेंट जोसफ कालेज, एलपीएस और एमएलएसबीवीएम समेत नगर के युवा शामिल हुए। सेंट मैरी कॉन्वेंट कॉलेज नैनीताल के छात्रों का नेतृत्व प्रधानाचार्या मंजूषा और शिक्षकों ने किया। रैली शाम को तीन बजे मल्लीताल डीएसए मैदान से शुरू हुई और तल्लीताल तक गई, जिसमें प्रतिभागियों ने घटना के विरोध में नारेबाजी करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। तल्लीताल पहुंचने पर मृत मेडिकल की छात्रा की याद में मोमबत्ती जलाई गई और उसकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।






## यूपी रोडवेज बस की टक्कर से घायल छात्रा की उपचार के दौरान मृत्यु

रुद्रपुर। एक माह पहले यूपी रोडवेज बस की टक्कर से घायल छात्रा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सूचना पर बगवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक कोतवाली किच्छा क्षेत्र देवरिया निवासी जोगा सिंह की 16 वर्षीय पुत्री भावना राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया में 11वीं की छात्रा थी। वह 19 जुलाई को कोचिंग सेंटर से साइकिल से वापस घर लौट रही थी। तभी उसे यूपी रोडवेज बस देवरिया में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसका वहां पर एक माह इलाज चल रहा था। रविवार की रात छात्रा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

सूचना पर पुलिस पहुंची। सीओ सिटी निहारिका तोमर ने बताया कि एक्सीडेंट किच्छा क्षेत्र में एक माह पहले हुआ था। यहां अस्पताल में इलाज चल रहा था। बताया कि बगवाड़ा पुलिस चौकी के एसआई मोहन चंद्र जोशी ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# भयमुक्त सरकार के अपने वायदे पर अमल करने में राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम: नेता प्रतिपक्ष

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य में भाजपा सरकार पर महिलाओं पर हो रहे अपराधों को लेकर कहा कि भयमुक्त सरकार के अपने वायदे पर अमल करने में राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम रही है।

बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा की राज्य सरकार के कार्यकाल में आए दिन महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। महिलाओं को सुरक्षा देने में प्रदेश सरकार नाकाम रही है। रुद्रपुर में दुष्कर्म के बाद नर्स की हत्या, देहरादून में पुलिस चौकी से सटे आईएसबीटी परिसर में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदातें सीधे पुलिस की लचर कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही हैं। मानवता को शर्मसार करने वाली तथा देवभूमि की अस्मित को कलंकित करने वाली घटनायें हैं।

लगातार घट रही जघन्य अपराध की इन घटनाओं से ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में कानून का राज पूरी तरह से समाप्त हो चुका है तथा लचर कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि एक के बाद एक महिला अपराध की घटनाओं पर रोक लगने की बजाय दिन प्रतिदिन अपराध बढते जा रहे हैं। हाल ही में हरिद्वार के बहादराबाद में एक नाबालिग बच्ची के साथ न सिर्फ गैंगरेप हुआ बल्कि दुष्कर्म के बाद उस बच्ची की नृशंस और जघन्य हत्या तक कर दी गई। देहरादून में ही 15 वर्षीय नाबालिग का मुंह बोले मामा के द्वारा दुराचार का मामला हो या पटेल नगर में 6 माह की बच्ची और उसकी मां का क्षत विक्षत शव जो कि दो-तीन दिन पुराना था वह पाया गया है। उसके बाद बनबसा में बलात्कार की घटना होती है।



# 21 अगस्त को निगम का 49वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ मंडल विकास निगम के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि कुमाऊं मंडल विकास निगम की स्थापना 21 अगस्त 1976 को हुई थी। 21 अगस्त को निगम का 49वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जहां निगम के कर्मचारी वर्तमान में पूरे कुमाऊं मंडल विकास निगम की इकाइयों के परिसर में वृहद स्तर पर सफ ाई अभियान चलाएंगे। वहीं 21 अगस्त (बुधवार) को एक साथ समूचे कुमाऊँ मंडल में प्रति इकाई 10 पौधे के तहत कुमाऊं मंडल विकास निगम की सभी इकाइयों में 2000 पौधों का रोपण का लक्ष्य रखा गया है । इसी क्रम में पर्यटक आवास गृह भीमताल जहां पर मुख्यालय स्तर का स्थापना दिवस का कार्यक्रम रखा गया है उसके परिसर में 49 वां स्थापना दिवस के तहत 49 पौधों का रोपण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि निगम के इतिहास में पहली बार प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी ने स्थापना दिवस मनाने की वर्ष 2023 से शुरुआत की, जिसके तहत उनके आदेश के क्रम में कर्मचारियों द्वारा जहां निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को हर जनपद में सम्मानित किया जाता है वहीं पर्यटकों के लिए आवास गृहों में विशेष छूट दी जाती है साथ ही गैस, रोपवे तथा केव गार्डन सहित निगम की अन्य इकाइयों में भी जनता को छूट दी जाती है।

इसके लिए प्रबंध निदेशक द्वारा आदेश भी जारी किए गए हैं। दिनेश गुरुरानी ने महासंघ की ओर से डॉ. संदीप तिवारी द्वारा की जा रही पहल का स्वागत किया है साथ ही उनका आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाना चाहिए।

## NEWS / फटाफट

### दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

नैनीताल। विकास खंड भीमताल के सभागार में राष्ट्रीय सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत उद्यान एव खाद्य प्रसंस्करण की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट तथा मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य उधान अधिकारी डा.रजनीश सिंह द्वारा सभी अतिथिगणों आए विशेषज्ञ कृषकों का स्वागत किया। पंतनगर विश्व विद्यालय से आए विशेषज्ञ डॉ. पी.के. सिंह तथा डा. एस. के, डा. वी पी सिंह, डा. एस. के. दिवेदी द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। ब्लॉक प्रमुख डा. बिष्ट ने स्थानीय फ ल सब्जी तथा फ ूल तथा क्षेत्र में कार्य कर रहे किसानों से सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने की अपील की ताकि अपनी आजीविका को भी बढ़ाया जा सके साथ ही जो भी कृषक पाली हाउस स्थापित करता हैं वो डिप सिंचाई प्रणाली को अवश्य टपक सिंचाई प्रणाली स्थापित करे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा टपक प्रणाली को अत्यधिक उपयोगी बताया। इस दौरान प्रधान लता पलड़िया, पूरन भट्ट, हरगोविंद रावत, चंदकला जोशी, अनिता प्रकाश, गोपाल कृष्ण भट्ट, देवेन्द्र बिष्ट मुख्य उधान अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी आन सिंह बिष्ट, हरीश चंद्र आर्य, संतोष कुमार सहित किसान, विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुमाऊं भर में परंपरागत तरीके से मनाया रक्षाबंधन का पर्व

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व कुमाऊं भर में परंपरागत तरीके से मनाया गया। भद्रा के कारण दोपहर डेढ़ बजे बाद बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। इस मौके पर भाइयों ने बहन की रक्षा का संकल्प लेते हुए गिफ्ट आदि सप्रेम भेंट किये।

हल्द्वानी के पॉलीशिट वार्ड में भाई युवराज को राखी बांधती बहन तमन्ना। वार्ड-पांच पॉलीशिट निवासी बहन तमन्ना ने भाई युवराज को राखी बांध और गिफ्ट या उपहार न लेकर बड़ा होकर अच्छा इंसान बनने का वचन लिया। पिछले साल युवराज ने अपनी बहन के लिए एक साल से गुल्लक में रुपये जमा किये थे, रक्षाबंधन पर उसने यह बहन को सप्रेम भेंट किया था। तमन्ना व युवराज के पिता भाजपा मंडल महामंत्री विक्रम अधिकारी ने बच्चों की इस सोच की सराहना की है।



हल्द्वानी के पॉलीशीट में भाई युवराज को राखी बांध वचन लेती बहन तमन्ना।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। -संपादक

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय सैनिक स्कूल प्रतियोगिता न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने किया सम्मानित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में चल रही अखिल भारतीय राष्ट्रीय सैनिक स्कूल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पहुंचे हाइकोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।

इससे पहले विद्यालय पहुचने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन वी एस डंगवाल ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया पांच दिनों तक चली प्रतियोगिता में हॉकी बास्केटबाल एथलेटिक्स सहित वाद विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई आयोजित अधिकतर प्रतियोगिताओ में सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने बाज़ी मारी वही वालीबॉल प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल झुंझनू सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल रेवाड़ी ने जीत हासिल की घोड़ाखाल सैनिक स्कूल ने सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब भी अपने नाम किया मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने छात्र छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुवे उनके उज्वल भविष्य की कामना कर प्रतिभागियों को विजयी ट्रॉफी प्रदान करी विद्यालय के प्रधानाचार्य ने न्यायाधीश को स्मृति चिन्ह देकर उनका धन्यवाद दिया कार्यक्रम में हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार अभिषेक श्रीवास्तव प्राधिकरण सचिव प्रदीप कुमार कार्याधिकारी अरुण वोहरा कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अधिकारी सहित विद्यालय के अध्यापक व स्टाफ मौजूद रहा



पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## शिक्षा के नाम पर क्रूरता

*न्यायालय ने तथ्यों के आधार पर शिक्षिका की याचिका खारिज की है। न्यायाधीश ने कहा है कि बच्चा एक बहुमूल्य राष्ट्रीय संसाधन है, जिसका पालन-पोषण और देखभाल कोमलता के साथ होना चाहिए। स्कूल में छात्र-छात्राओं को शारीरिक प्रताड़ना दशकों पहले गैर-कानूनी और आपराधिक कृत्य घोषित कर दिया गया है। बहुत पहले स्कूल में शिक्षक डंडा हाथ में लेकर जाते थे। वर्तमान में बुजुर्ग लोग संस्मरण सुनाते हुए शिक्षक द्वारा डंडे और लकड़ी के पैमाने से मारे जाने की बात बताते हैं। सच यह है कि अब तो माता-पिता तथा परिवार का कोई सदस्य बच्चे को थप्पड़ तक नहीं मारता है।*

गुरु और शिष्य के संबंध पर प्राचीनकाल से साहित्यकारों ने कहानियां, नाटक तथा सच्चे प्रसंगों को लिपिबद्ध किया है। माता-पिता अपना बच्चा गुरु को सौंपने के बाद निश्चिंत हो जाते हैं। शिष्य के लिए ईश्वर से पहले गुरु को सम्मान के साथ नमन करने की शिक्षा दी जाती है। समाज सुधारक कवि कबीर दास जी ने एक पंक्ति में गुरु की महिमा प्रतिपादित की है- 'गुरु गोविंद दाऊ खड़े काके लागूं पांय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताये।' गुरु और शिष्य जीवनपर्यंत एक-दूसरे को भुला नहीं पाते हैं। गुरुकुल की शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विष्णु अवतार श्रीरामचंद्र और उनके भाइयों को राजा दशरथ ने ऋषि वशिष्ठ को शिक्षा व दीक्षा के लिए सौंपा था। वर्तमान आधुनिक युग में गुरुकुल शिक्षा पद्धति अप्रासंगिक हो गई है। अंग्रेजी मीडियम निजी स्कूलों व कॉन्वेंट स्कूलों में गुरु-शिष्य परंपरा नहीं है। छत्तीसगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल की शिक्षिका सिस्टर मर्सी उर्फ एलिजाबेथ जोस के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। उन पर छठी कक्षा की छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। सोसाइड नोट के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई। शिक्षिका ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि अनुशासन या शिक्षा के नाम पर स्कूल के बच्चे को शारीरिक हिंसा का शिकार बनाना क्रूरता है। याचिकाकर्ता शिक्षिका के अधिवक्ता का कहना है कि स्कूल में अपनाई जाने वाली सामान्य अनुशासनात्मक प्रक्रिया के अनुसार छात्रा को डांटा और आईडी कार्ड ले लिया था। छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने का इरादा नहीं था। न्यायालय ने तथ्यों के आधार पर शिक्षिका की याचिका खारिज की है। न्यायाधीश ने कहा है कि बच्चा एक बहुमूल्य राष्ट्रीय संसाधन है, जिसका पालन-पोषण और देखभाल कोमलता के साथ होना चाहिए। स्कूल में छात्र-छात्राओं को शारीरिक प्रताड़ना दशकों पहले गैर-कानूनी और आपराधिक कृत्य घोषित कर दिया गया है। बहुत पहले स्कूल में शिक्षक डंडा हाथ में लेकर जाते थे। वर्तमान में बुजुर्ग लोग संस्मरण सुनाते हुए शिक्षक द्वारा डंडे और लकड़ी के पैमाने से मारे जाने की बात बताते हैं। सच यह है कि अब तो माता-पिता तथा परिवार का कोई सदस्य बच्चे को थप्पड़ तक नहीं मारता है। बच्चे के प्रति अभिभावक व शिक्षक के व्यवहार में बदलाव के दो पहलू हैं। शिक्षकों का कहना है कि परिवार से उच्च संस्कार वाले बच्चे स्वतः अनुशासन का पालन करते हैं, जबकि अनुशासनहीन छात्रों से शिक्षकों को डर लगता है। अनुशासनहीन छात्रों की हरकतों की अनदेखी करके शिक्षक अपनी सुरक्षा करते हैं। अभिभावकों को इस दिशा में पहल करके बच्चे को गुरु का सम्मान करने की सीख देनी होगी।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा, यूपी के दो चोर गिरफ्तार

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**



काशीपुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरों की निशानदेही पर चोरी का सामान समेत बाईक और स्कूटी बरामद की।

पुलिस के मुताबिक 30 जून 2024 को सुनील कश्यप पुत्र हरिओम कश्यप निवासी मौहल्ला पक्काकोट काशीपुर ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि 25-26 जून 2024 की रात अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोडकर सोने,चादी के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि सीओ काशीपुर अनुषा बडौला पर्यवेक्षक व प्रभारी निरीक्षक एके सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे लगभग 200-250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन किया। उसमें एक संदिग्ध बाईक पर दो संदिग्ध व्यक्ति प्रकाश में आये। बाईक रजिस्ट्रेशन नम्बर यूके 06एके 2197 के स्वामी से पूछताछ की तो पता चला कि उसने उक्त बाईक को 5 वर्ष पूर्व बेच दी थी। पुलिस की जांच में अभियुक्त अंकित मिश्रा उर्फ सोनू के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी जो काफी दिन से अपने घर से फरार चल रहा था।

काशीपुर पुलिस ने नौगजा मजार के पास चैकिंग के दौरान अंकित मिश्रा उर्फ सोनू पुत्र राकेश निवासी भोजपुर पोस्ट शाहपुर खितौआ थाना कटरा जिला शाहजहापुर यूपी व शुभम उर्फ आदित्य उर्फ नामदेव पुत्र रमेश निवासी 24 फुटा रोड दादरी थाना दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर यूपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाईक तथा चोरी का माल बरामद किया। उन्होंने बताया कि दोनों शातिर किस्म के नकबजनी कर चोरी करते हैं और पूर्व में भी कई बार चोरी की गयी है व चोरी के मामलों में जेल जा चुके है। प्रथम दृष्ट्या पूछताछ करने पर बताया कि दोनों जुआ व ऑनलाईन जुआ खेलने के आदि हैं। जब पैसे खत्म हो जाते हैं तो घरों में चोरी करते हैं। चुराये हुये सामान को बेचकर ऑनलाईन जुआ खेलकर अपना शौक पूरा करते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज जेल भेज दिया।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह,एसएसआई सतीश कुमार शर्मा,एसआई विपुल चन्द्र जोशी, एएसआई प्रकाश सिंह बोरा,सीपी प्रेम सिंह कनवाल,सीपी ईश्वर सिंह, एसपीओ माजिद, एसपीओ राहुल आदि शामिल रहे।

**कार्रवाई**

- दोनों के खिलाफ यूपी के कई जिलों में दर्ज है मुकदमें
- पूर्व में भी चोरी के कई मामलों में जा चुके हैं जेल

**बरामद माल**

1- 65,000 /- रुपए नकद
2- 2 पीली धातु के कंगन
3- 2 पीली धातु के झुमके
4- 6 सफेद धातु की अंगुठी
5- 6 सफेद धातु के बिच्छुवे
6- एक बाईक
7- एक स्कूटी

## कुमाऊं विवि पांच गांवों को गोद लेकर विकास में निभाएगा भागीदारी

**नैनीताल।** अगले शिक्षा सत्र से कुमाऊं विवि अपनी परिधि के अधीन पांच गांवों को गोद लेगा। यह पहला मौका है जब विवि गोद लिए गांवों के विकास के लिए अपनी भागीदारी निभाएगा। इसके साथ ही विवि से संबद्ध सभी राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षा-शोध के उन्नयन के लिए विद्या सेतु कार्यक्रम शुरू किया है। इन सभी के लिए विवि को वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है।

कुमाऊं विवि मुख्यालय के समीपवर्ती पटवाडांगर में गांवों को चयनित कर रहा है। जल्द ही चयन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उक्त गांवों की डेमोग्रॉफी का अध्ययन किया जाएगा। साथ ही शैक्षिक, सामाजिक उत्थान के लिए विवि की टीम यहां कार्यक्रम आयोजित करेगी। साथ ही शिक्षा-शोध के उन्नयन के लिए विद्या सेतु कार्यक्रम के लिए विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के लिए सुधारात्मक प्रयास किए जाएंगे। विवि से मिली जानकारी के अनुसार लॉ, फार्मेसी, रूरल मैनेजमेंट के साथ ही अन्य विभागों व केंद्रों का इसमें सहारा लिया जाएगा।

# महिलाओं और विधायक सरिता आर्या ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जवानों को बांधा रक्षासूत्र

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



नैनीताल में रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पहले नैनीताल में स्थानीय महिलाओं और विधायक सरिता आर्या ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय सेना के जवानों और पुलिस के जवानों को राखी बांधी।

आर्मी कैंट क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक सरिता आर्या ने सेना के जवानों के हाथो में राखी बांध कर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस दौरान विधायक सरिता आर्य ने कहा की सेना के जवान देश की रक्षा करते है उनकी दीर्घ आयु के लिए उनके हाथों में राखी बांधी है। रक्षाबंधन पर जवान अपने घर नहीं जा पाते है ऐसे में त्योहार के दौरान सेवा और पुलिस के जवान मायूस रहते हैं उनकी खुशी में शामिल होने के लिए उनके द्वारा जवानो के साथ मिलकर पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान सिपाही शैलेश यादव कहा की हम लोग हमेशा ड्यूटी पर तैनात रहते है आज हमें नैनीताल में नया परिवार मिला है। इन बहनो ने हमारी दीर्घ आयु के लिए, राखी बांधी जिससे उन्हें अपने घर व बहनो का एहसास दिलाया है। इसके अलावा महिलाओ ने तल्लीताल चौकी में पुलिसकर्मियों को राखी बांधी।

इस दौरान रीना मेहरा, दीपिका बिनवाल, आरती बिष्ट, सोनू साह, ममता कुमय्याँ , तारा राणा, नीतू जोशी, नीमा खुलबे, अमिता साह, कनिका रावत, तारा बोरा, चंद्रशेखर गारीवाल,राधा पांडे खोलिया, कृष्णा साह समेत अन्य महिलाएं और आर्मी के जवानों में शैलेश यादव, संजय कुमार, संजीव कुमार, अमोल उगरे, लावा विजी, विश्वजीत दास, ज्वाला, वृंदावन अधिकारी, सिमरन जीत, हर्षसिमरन समेत तल्लीताल एसओ रमेश सिंह बोहरा, पीएस रौतेला, प्रेम बल्लभ छिमवाल,अनूप सिंह, ललित राम, योगेश कुमार आदि को राखी बांधी।

# फिल्मी दुनिया

## आमिर, सलमान को पीछे छोड़ श्रद्धा ने बनाया ये नया रिकॉर्ड



*हिंदी सिनेमा में जो इससे पहले कभी नहीं हुआ, वह साल 2024 के रक्षाबंधन पर होने जा रहा रहा है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के पहले चार दिन में यानी रविवार तक 190.55 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर चुकी फिल्म 'स्त्री 2' सोमवार को 200 करोड़ रुपये की नेट कमाई का आंकड़ा एडवांस बुकिंग में ही पार कर चुकी है। रविवार को जिस तरह से फिल्म ने रिलीज के पहले दिन के आंकड़े को पीछे छोड़ा है, उससे ये साफ जाहिर हो चला है कि इस फिल्म की आंधी अभी थमने वाली नहीं है। हिंदी में रिलीज हुई फिल्मों में 200 करोड़ रुपये की नेट कमाई का आंकड़ा सबसे तेज पाने वाली फिल्मों में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' और रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' सबसे आगे रही हैं। इन दोनों फिल्मों ने रिलीज के सिर्फ तीन दिन में ये आंकड़ा पार कर लिया था। इसके बाद नंबर आता है शाहरुख खान की ही फिल्म 'पठान' का जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर दो सौ करोड़ रुपये की कमाई रिलीज के पहले चार दिनों में की थी। श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' की पहले चार दिनों की नेट कमाई 190.55 करोड़ रुपये रही। सोमवार को फिल्म 'स्त्री 2' की एडवांस बुकिंग सुबह से ही बहुत रफ्तार से चल रही है। सुबह नौ बजे तक मिले आंकड़ों के अनुसार इस फिल्म ने सोमवार की एडवांस बुकिंग में करीब 10 करोड़ रुपये की कमाई अब तक कर ली है और इसी के साथ ये फिल्म दो सौ करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा भी पार कर चुकी है। रिलीज के पांचवे दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर नेट कमाई में दो सौ करोड़ का आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड अब तक सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' के नाम रहा है। श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' ने इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।*

### फिल्म 'स्त्री 2' की रिलीज

*फिल्म 'स्त्री 2' की रिलीज 15 अगस्त को काफी पहले से ही घोषित हो चुकी थी और इस फिल्म को देखते हुए ही साउथ सिनेमा के बड़े सितारे अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज दिसंबर के लिए खिसका दी गई थी। फिल्म के रिलीज से पहले आननफानन में किए गए गुरुवार के प्रीव्यू शोज में ही फिल्म के ब्लॉकबस्टर फिल्म होने का अंदाजा हो गया था। फिल्म ने प्रीव्यू शोज में 8.5 करोड़ रुपये, रिलीज के पहले दिन 51.80 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 31.40 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 43.85 करोड़ रुपये और रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार को अब तक के आंकड़ों के मुताबिक 55.00 करोड़ रुपये की नेट कमाई की है।*

# 60 लाख रुपए पेमेंट देने के बावजूद दो मंजिला मकान की नहीं की रजिस्ट्री और ना ही रुपए वापस किए

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

आवास विकास रामपुर उत्तर प्रदेश और हाल सुखसागर कालोनी बगवाड़ा निवासी सौरभ सैनी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता प्रेम चंद सैनी बिजली फिटिंग/मजदूरी का कार्य करते थे। बताया कि शास्त्री नगर गंगापुर रोड ट्रांजिट कैंप निवासी ओम प्रकाश राजपूत पुत्र नंद राम राजपूत से 167.28 वर्गमीटर, जिस पर दो मंजिला मकान था। 60 लाख रुपये में 18 दिसंबर 2021 सौदा तय किया था। सौदा तय करने के बाद 50 हजार रुपये बयाना देकर इकरारनामा लिखवाया था। बाद 14.90 लाख रुपये फिर से दिए गए। पीड़ित के मुताबिक 31 मार्च 2022 को 8.80 लाख रुपये और 31 मार्च 2022 को 20 लाख रुपये दिए गए। समय समय पर उन्हें रुपये दिए गए। 60 लाख रुपये देने के बाद जब उसके पिता तथा ताऊ उमेश चंद तथा उनके बेटे हिमांशु को साथ लेकर सात जुलाई 2024 को ओम प्रकाश राजपूत के घर गये। मकान की रजिस्ट्री कराने के लिए कहा। आरोप है कि यह सुनते ही ओम प्रकाश राजपूत आक्रोश में आकर उसके पिता प्रेम चंद सैनी, ताऊ और उनके पुत्र के साथ गाली गलौज की। बाद में धक्के मारकर भगा दिया। पिता घर वापस आए तो मानसिक रूप से परेशान हो गए थे। आठ जुलाई 2024 की सुबह उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और किच्छा रोड अस्पताल ले गए। देहरादून के लिए रेफर कर दिया। बताया कि वहां भी उसके पिता के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। 16 जुलाई को उसके पिता की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। आरोप लगाया कि उसके पिता की मौत की वजह ओम प्रकाश राजपूत है। प्रभारी निरीक्षक ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

News कॉर्नर

## रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का क्षत-विक्षत शव, हड़कंप

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र में बीती रात आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी के पास रेलवे ट्रेक पर एक अधेड़ का बरामद हुआ। उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी के पास रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा वहां से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी। इसके बाद वहां देखते ही लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर एसएसआइ अशोक कुमार पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही मौके पर एकत्र लोगों से मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया,लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। जिसके बाद पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है। उन्होंने अधेड़ की देर रात ट्रेन की चपेट में आकर मौत होने की आशंका जताई है। कौन सी ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हुई है, जांच की जा रही है।

## कार-टेंपो की जोरदार टक्कर, तीन बच्चों समेत 11 लोग घायल

**काशीपुर।** रामनगर रोड पर कार और टेंपो की टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला और तीन बच्चों सहित 11 लोग घायल हो गए। रामनगर रोड पर कार और टेंपो की टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला और तीन बच्चों सहित 11 लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने सरकारी अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने नशे धुत कार चालक को हिरासत में ले लिया है। रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे टेंपो चालक अजय सवारियों को लेकर काशीपुर से रामनगर जा रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

# विश्व फोटोग्राफी दिवसः दिलचस्प है फोटोग्राफी का अविष्कार

नैनीताल

छायाकार -बृजमोहन जोशी





फोटोग्राफी का आविष्कार कब और कैसे हुआ इसकी कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। सन् 1721की बात है कि एक जर्मन भौतिक शास्त्री जॉन हिनरिच शॉल्ज अपने हाथ में चांदी मिले नाइट्रिक एसिड में कुछ मात्रा चाक की डालकर अपनी खुली खिड़की के पास कुछ प्रयोग कर रहे थे कि उन्होंने अचानक देखा कि जैसे ही सूर्य कि किरणें जब उनके हाथ में लगे सिल्वर एसिड मिश्रण पर पड़ी तो वह काला हो गया और जिस भाग में सूर्य कि किरणें नहीं पड़ रही थी वह भाग काला नहीं हुआ था। शाल्ज ने सोचा कि इस मिश्रण द्वारा छाया चित्र बनाया जा सकता है और उन्होंने प्रबल सिल्वर नाइट्रेट विलयन का प्रयोग कर स्टेंसिल द्वारा प्रथम अस्थाई छाया चित्र बनाया इसी के बाद फोटोग्राफी का प्रारम्भ हो गया। रंगीन फिल्म के आने से तथा इनकी धुलाई और प्रिंटिंग मशीनों द्वारा और कम्प्यूटरों के द्वारा होने से ( ब्लैक एंड व्हाइट) फिल्में महंगी होती गयी और धीरे धीरे इनका चलन आज लगभग समाप्त सा हो चुका है।

देश के प्रसिद्ध छायाकार ओ.पी. शर्मा जी ( इण्डिया इण्टर नैशनल फोटोग्राफी काउंसिल नई दिल्ली से जुड़े) ने 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस के रूप में मनाने के लिए देश विदेश में एक मुहिम शुरू की और उनके प्रयासों से इसकी शुरुआत 1991 में हुई। पहले हम फोटोग्राफर फोटो को लोगों के लिए एक यादगार बना दिया करते थे लेकिन आज टेक्नोलॉजी के विस्तार में फोटोग्राफी के कलात्मक पक्ष और उसकी आत्मा की उपेक्षा होती जा रही है।

# भूरारानी में मारपीट, तोड़फोड़, फायरिंग में एक महिला समेत कई पर मुकदमा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



**दबंगई**
- पीड़िता के रिश्तेदार के घर हंस विहार में भी घर में घुसकर बाईक में तोड़ फोड़ की
- तमंचे लहराने हुए भागते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

कोतवाली पुलिस ने भूरारानी में मारपीट, तोड़फोड और फायरिंग करने के आरोप में महिलाएं समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। भूरारानी वार्ड 32 रुद्रपुर निवासी रंजीता पत्नी व अशोक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 17 अगस्त 24 शाम 5:30 बजें संजीत साहनी से झगड़ा हुआ था।

उसके बाद हम लोग अपने घर चले गयें। आरोप है कि 11:30 बजें संजीत साहनी व भाई संजय साहनी, उसके पिता छनझट, संजीत साहनी का चाचा भगवान दास,संजीत साहनी का जीजा राहुल, संजीत साहनी का फूपेरा भाई मनोज, मनोज का लड़का मन्नू,संजीत की पत्नी चन्दा,भगवान दास का लड़का रंजीत साहनी,संजीत का साला आशु साहनी समेत अन्य लोग लाठी डन्डे,तलवार,कापा एंव तंमचे से लैस होकर घर में घुस आए। उसकी पुत्री मुस्कान व पति अशोक पर जान लेवा हमला कर दिया। महिला के मुताबिक घर में तोड़ाफोडी कर दी ।बडी मुश्किल से अपनी जान बचाकर पडोस में रहने वाली आशा के घर छुपे। उक्त लोगों ने आशा के घर में घुसकर तोड़फोड़ी की और उसके बाद तंमचे से फायरिंग भी की ।पुत्री मुस्कान के वस्त्र फाड़ दियें ।अश्लील हरकत की उसके प्राइवेड पार्ट को छुआ उसके सीने पर हाथ चलाया। शोर शराबा सुन कर आस पास के लोग बाहर आयें। महिला ने बताया कि वह लोग हंस विहार कालोनी से होते हुऐ भागें। हंस विहार कालोनी में उसके रिश्तेदार रहते है। उनके घर पर भी फारयिंग की। घर में घुसकर बाईक तोड़ाफोड़ी की। बाद में तंमचा लेहराते हुऐ जान से मारने की धमकी देते हुऐ मौके से फरार हो गयें। उक्त घटना हंस विहार कालोनी में लगे कैमरे में जाते हुऐ कैद हो गई। जिनके हाथ में धारदार हाथियार एंव तंमचा साफ नज़र आ रहा है। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# भाजपा नेता के पुत्र पर नकाबपोशों ने किया जान लेवा हमला लहूलुहान

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना पंतनगर की मेट्रोपोलिस कालोनी में नकाबपोश लोगों ने एक युवक को जान लेवा हमला कर लहुलुहान कर दिया। इस मामले में पुलिस ने चार नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मेट्रोपोलिस कालोनी निवासी मनमोहन राय पुत्र जगननाथ राय ने पुलिस को बताया कि पुत्र पीयूष भाटिया मेट्रोपोलिस कालोनी में रहता है और 31 जुलाई 24 को विक्रांत फुटेला ने पीयूष भाटिया को जान से मारने की धमकी थी। आज तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। बताया कि 18 अगस्त 24 को बेटा अपनी पत्नी और बच्चे के साथ नैनीताल में था। उसके पास मैनेजर विकास गुप्ता मैनेजर है उसको फोन करके उसकी लोकेशन पूछते हुए उसकी जानकारी लेता है। हम लोग परेशान थे क्योकि आज से पूर्व कभी उसका फोन उसके पास नही आया था। बताया कि जब पीयूष भाटिया नैनीताल से वापिस घर मेट्रोपोलिस में लगभग 10.30 पहुंचा तो बेटे ने अपने बेटे को कमरे मे लिटाया और गाडी से समान निकालने बाहर गया। तभी घर के सामने अल्टो गाड़ी आकर रुकी और उसमे से 4 से 5 लोग उतरे। सभी हाथों में लठ और धारधार हथियार लिए थे। जान से मारने की नीयत से पुत्र पर एख राय होकर हमला कर दिया। हमलावर मुंह पर घाटा बांध रखा था। पुत्र लहूलुहान हो गया। बीच बचाव में उसकी पत्नी नवनीत भाटिया ने बाहर निकली और शोर शराबा किया। तभी उक्त लोगों ने धक्का मार कर बाहर निकल गए। मेरे बेटे को जान से मारने का हमला करने के लिए विक्रांत फुटेला, विक्रांत फटेला का भतीजा अक्षय फुटेला, कपिल हुडिया, विकास गुप्ता तथा अन्य लोग शामिल है। यह लोग पुत्र को जान से मारना चाहते थे। कोतवाल पंतनगर मनोज रतूड़ी ने बताया कि हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

# अभिनव भारत द्वारा रक्षाबंधन पर मातृशक्ति सम्मान



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अभिनव भारत संस्था द्वारा आयोजित बहनों के सम्मान कार्यक्रम में संयोजक कौस्तुभानंद जोशी के नेतृत्व में रक्षाबंधन की पावन पर्व पर 501 बहनों का सम्मान किया गया।

सर्वप्रथम शहीदों की वीरांगनाओ के साथ मिलकर कौस्तुभानंद जोशी द्वारा दीप प्रजल्लवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके उपरांत 501महिलाओ को क्रम वार सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्य में वीरांगना बहनों समाज सेवी बहनों द्वारा कौश्तुभानंद जोशी को रक्षा सूत्र बाधा गया। कार्यक्रम संयोजक जोशी ने कहा की महिला मातृशक्ति को हमें आगे लाना चाहिए और उनके विकास और नये कार्यों व आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम करने चाहिए। कार्यक्रम में कुमाऊ का परंपरागत गीत छोलिया नृत्य की प्रस्तुति की गई व नूपुर कला केंद्र द्वारा गणेश वंदना कुमाऊनी झोडा चाचरी देशभक्ति के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विधायक नैनीताल सरीता आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद ,जया कर्नाटक,विमला सागुडी, ,शांति जीना, रेणु जोशी, नीमा अग्रवाल आदी लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूनम जोशी व वंदना पंत जी द्वारा किया गया।

## पति ने पत्नी पर लगाया ढाई साल की बच्ची की हत्या का आरोप

**रुड़की।** एक युवक ने अपनी ही पत्नी पर ढाई साल की बच्ची की हत्या का आरोप लगाया है। ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी नदीम चंडीगढ़ के रामगढ़ में रहता है। पत्नी और ढाई साल की बच्ची भी उसके साथ ही वहां रहते थे। रविवार रात को नदीम अपनी पत्नी और ढाई साल की बच्ची के साथ रुड़की पहुंचा। बच्ची मृत अवस्था में थी। नदीम ने बताया कि उसकी बच्ची की सामान्य मौत नहीं है। उसकी ही पत्नी ने बच्ची को मार दिया है।

# वैश्य महासभा संगठन ने किया पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




वैश्य महासभा संगठन की ओर से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए, वृक्षारोपण कार्यक्रम महाजन हास्पिटल और पूर्वांचल दीप कालोनी में किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएस गुप्ता ने हास्पिटल परिसर में फलदार और छायादार वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि वृक्ष हमारे लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण तैयार करेंगा वह ग्लोबल वार्मिंग के लिए यह एक संजीवनी के समान है। कार्यक्रम में अध्यक्ष ओम प्रकाश महाजन, उपाध्यक्ष जतिन अग्रवाल,सचिव राजेश गुप्ता,संजय गुप्ता,आर के माहेश्वरी, रघुवर दयाल गुप्ता, डॉ अनीता महाजन, प्रियंका अग्रवाल समेत पूर्वांचल दीप कॉलोनी निवासी विनय शारदा, अवनीश कुमार , रिशु पलाया आदि मौजूद रहे।

# आचार्य प्रशांत ने लगाया पुस्तकों का स्टाल, छात्र छात्राओं ने उठाया लाभ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन की टीम ने कबीर भजनों को गाते हुए एमबीपीजी डिग्री कालेज के सामने बुक स्टॉल लगाया, बुक स्टाल में छात्र छात्राओं में गजब का उत्साह देखा गया। क्लाइमेट चेंज, मांसाहार, पशु क्रूरता, स्त्री, भगवतगीता ,संघर्ष अपने विरुद्ध समेत कई पुस्तको की लोगो मे जमकर खरीददारी की।

फाउंडेशन की टीम ने लोगों को आचार्य प्रशांत द्वारा सरल व सटीक भाषा मे भगवतगीता, उपनिषद ,वेदांत के बारे में लोगों को अवगत करवाया साथ ही युवाओं से अपील की गई कि अगर जीवन को सरल व व्यवस्थित तरीके से जीना है तो अध्यात्म के पास आना ही होगा, क्योंकि भगवतगीता ही एक ऐसा ग्रन्थ है जो जीवन की सभी समस्याओं का निदान करती है। नैनीताल मार्ग पर डिग्री कालेज के सामने संस्था के टीम लीडर मोहन सिंह फौजी के नेतृत्व में टीम आचार्य प्रशांत द्वारा लिखित पुस्तकों सम्बंध, कर्मफल, भगवतगीता, कर्मयोग, कर्मा , मन, संघर्ष अपने विरुद्ध, डर के बारे में जानकारी दी ।

टीम के सदस्यों मदन मोहन,जोशी, सम्प्रद्धि जोशी,मुकुल, हेम चंद जोशी, गोबिंद सिंह,प्रकाश दत्ता, कार्तिकेय ,प्रदीप फुटेला , चेतन पांडेय ने युवाओं को संस्था की गतिविधियों के संदर्भ में जानकारी सांझा की तथा बताया कि आज के समय में जब हर व्यक्ति तनाव में जी रहा है ,मांसाहार के कारण पृथ्वी पर प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, जलवायु परिवर्तन देखने को मिल रहा है ,ऐसे समय में अध्यात्म ही इन सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है।

संस्था द्वारा आयोजित गीता की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई जिसमें 30 हजार लोग एक साथ जुड़े। उनके यूट्यूब चैनल पर50 मिलियन से भी अधिक लोग जुड़े हैं जो कि आध्यात्मिक विषयो पर सुने जाना वाला विश्व का पहला चैनल बन चुका है। लोगों ने आचार्य प्रशांत एप सब्सक्राइब कराया किया ।जबकि काफी लोग पहले से ही आचार्य से जुड़े हैं।